मुंबई रोड शो में 30,200 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव पर करार

चर्चा में क्यों?

6 नवंबर, 2023 को उत्तराखंड में होने वाले वैश्विक निवेशक सम्मेलन के लिये देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में हुए रोड शो में 30,200 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव पर करार हुए।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मौजूदगी में इमेजिका कंपनी से थीम पार्क एवं रिजॉर्ट में, एसीएमई कंपनी से सौर सेल विनिर्माण में, सीटीआरएल कंपनी से डाटा सेंटर में, लॉसंग अमेरिका से आईटी में, पर्फेटी कंपनी, क्रोमा एटोर कंपनी और क्लीन मैक्स एनवाइरो कंपनी से नवीकरणीय ऊर्जा में, साइनस कंपनी से हेल्थ केयर सेक्टर में निवेश के लिये करार हुआ है।
- इसके अलावा जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स, गोदरेज केमिकल्स, एस्टार भोजन, वी अर्जुन लॉजिस्टिक्स पार्क के साथ भी निवेश पर बातचीत हुई।
- निवेशक सम्मेलन के लिये उत्तराखंड प्रदेश सरकार अब तक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पाँच और देश में पाँच रोड शो कर चुकी है। इनमें लंदन, बर्मिंघम, अबुधाबी, दिल्ली, चेन्नई, बंगलूरू, अहमदाबाद और मुंबई में रोड शो कर निवेशकों को राज्य में निवेश के लिये प्रोत्साहित किया गया। साथ ही निवेश प्रस्तावों पर एमओयू किया गया।
- विदित हो कि प्रदेश सरकार ने निवेशक सम्मेलन के लिये 2.50 लाख करोड़ रुपए का निवेश का लक्ष्य रखा है। आठ व नौ दिसंबर को देहरादून के एफआरआई में प्रस्तावित वैश्विक निवेशक सम्मेलन के लिये रोड शो में अब तक 1,24,200 करोड़ रुपए से अधिक के एमओयू हुए हैं।
- गौरतलब है कि प्रदेश में 2018 में हुए पहले निवेशक सम्मेलन में 1.24 लाख करोड़ रुपए के 600 से अधिक प्रस्तावों पर एमओयू हस्ताक्षर हुए थे। लेकिन वर्तमान तक लगभग 30 हज़ार करोड़ रुपए का निवेश ही धरातल पर उतर पाया है। इस बार अब तक 1,24,200 करोड़ रुपए के करार हो चुके हैं।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/agreement-on-investment-proposal-of-rs-30,200-crore-in-mumbai-road-show